**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**"आज के मुख्य समाचार"**

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए सरकार प्रयासरत्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने का लगाया आरोप– कहा–महाकुम्भ के लिए बसों का नहीं किया कोई इंतजाम।
- संत रविदास की जयंती पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित– लोगों से उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान।
- प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के हामटा व सेथन क्षेत्र में बर्फ के इग्लू बने सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र।

**समाचार विस्तार से............**

**मुख्यमंत्री**

हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष दिसम्बर तक 7 परियोजनाओं से 72 मैगावॉट सौर ऊर्जा का उत्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में ये जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारी सहयोगी............

*मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान में 3 सौ 25 मैगावॉट संयुक्त क्षमता की 8 अतिरिक्त परियोजनाओं के लिए सर्वे किया जा रहा है और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पूरी होने के बाद इन परियोजनाओं का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। प्रदेश में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हरित ऊर्जा का उपयोग सुनिश्चित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने की दिशा में कार्य कर रही है। नवीकरणीय ऊर्जा अक्षय ऊर्जा का स्रोत है और इसका उपयोग कर भावी पीढ़ी के लिए ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। ऊना ज़िला के पेखूवेला में पिछले वर्ष 15 अप्रैल को जनता को समर्पित की गई 32 मैगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना से 48 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन किया गया है जिससे इस वर्ष 31 जनवरी तक 14 करोड़ रूपए का राजस्व अर्जित किया गया है। निश्चित तौर पर ऐसे प्रयासों से वर्ष्र 2026 तक हिमाचल का हरित ऊर्जा राज्य स्थापित करने का सरकार का लक्ष्य अवश्य पूर्ण होगा। प्रादेशिक समाचारों के लिए समाचार कक्ष से राजकुमारी चंदेल।*

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ धार्मिक स्थलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य कर रही है। वे आज हरोली विधानसभा क्षेत्र के गोंदपुर जयचंद में संत गुरू रविदास की जयंती पर आयोजित समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। अग्निहोत्री ने कहा कि गोंदपुर जयचंद बस्ती में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 10 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अन्य इलाकों के साथ–साथ हरोली विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है।

**इंदु गोस्वामी**

केन्द्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि कांगड़ा ज़िला के गग्गल हवाई अड्डे से हर सप्ताह 64 उड़ानों की आवाजाही हो रही है। आज राज्यसभा में सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि गग्गल एयरपोर्ट से

इंडिगो, अलाइंस एयर और स्पाईस जैट एयरलाइंस दिल्ली, शिमला और चण्डीगढ़ के लिए सेवाएं प्रदान कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1994 में एयर कॉरपोरेशन एक्ट को निरस्त किए जाने के बाद भारतीय घरेलू विमानन क्षेत्र को पूरी तरह नियंत्रणमुक्त कर दिया गया है।

## फिन्ना सिंह परियोजना

केंद्र सरकार ने प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि जारी की है। इस राशि से कांगड़ा जिला में बन रही फिन्ना सिंह परियोजना के लिए 67 करोड़ पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि हमीरपुर जिला के नादौन की परियोजना को चार करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान होगा। केंद्र सरकार ने ये धनराशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जारी की है। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आस्था के प्रतीक महाकुम्भ जाने वाले प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए राज्य सरकार ने कोई इंतजाम नहीं किए हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि हिमाचल के अलावा देश के अन्य राज्यों ने महाकुम्भ के लिए बसें चलाई हैं लेकिन प्रदेश से ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार के इस उदासीन रवैये से कांग्रेस का सनातन विरोधी चेहरा सामने आ गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल से रोज़ाना हज़ारों की संख्या में महाकुम्भ जाने वाले लोगों को बस या टैक्सी ऑपरेटरों को मनमाना किराया देना पड़ रहा है।

## भेंट

निचले हिमाचल में सेब उत्पादन के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हरीमन शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफैसर प्रेम कुमार धूमल से आज समीरपुर में शिष्टाचार भेंट की। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के पनियाला निवासी हरीमन शर्मा ने अपनी उपलब्धि का श्रेय पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को देते हुए कहा कि उन्होंने हरीमन–99 सेब की किस्म विकसित करने में पूरा सहयोग दिया है। इस अवसर पर प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि हरीमन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है और गर्म क्षेत्र में इनकी सेब की किस्म की खोज बेहद सराहनीय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी हरीमन शर्मा अपनी खोज को जारी रखेंगे।

## रविदास जयंती

आज देश सहित प्रदेश के विभिन्न स्थानों में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। इस उपलक्ष्य पर हिमाचल प्रदेश संत गुरू रविदास महासभा द्वारा चम्बा की छलाड़ा पंचायत में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और संत गुरू रविदास मंदिर में पूजा–अर्चना व झंडा चढ़ाने की रस्म निभाई। उन्होंने कहा कि संत गुरू रविदास जी का भक्तिदर्शन व साहित्य मानवता के कल्याण के लिए समर्पित है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने संत शिरोमणी गुरू रविदास की जयंती नादौन विधानसभा क्षेत्र के ढ़गोह गांव में मनाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरू रविदास ने समाज को एकता, समानता, प्रेम और मानवता का संदेश दिया और उनके दोहे व कविताओं ने समाज को भेदभाव मिटाकर समरसता का संदेश दिया। इस बीच, आयुष व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने संत रविदास की जयंती पर जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने कहा कि संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और उनका प्रत्येक व्यक्ति को अनुसरण करना चाहिए। उधर, सोलन के शामती स्थित मंदिर में रविदास की जयंती पर लोगों ने विधिवत पूजा अर्चजा की। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया।

## इग्लू

कुल्लू ज़िला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल मनाली के समीप हामटा व सेथन क्षेत्र बर्फ के इग्लू के लिए सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र बना है। समुद्र तल से करीब 9 हज़ार फुट की ऊंचाई पर स्थित इस क्षेत्र में 25 से अधिक इग्लू बनाए गए हैं जो सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। गर्मियों में जहां पर्यटक इस क्षेत्र में गर्मी से राहत पाने के लिए पहुंचते हैं वहीं सर्दियों में इग्लू में रहने का आनन्द ले रहे हैं। यहां आए पर्यटकों ने बताया कि इग्लू में ठहरने का एक अलग अनुभव है। इग्लू मालिक

विकास ने बताया कि कड़ाके की ठण्ड में कड़ी मेहनत से बनाए गए इन इग्लू में अभी तक सैंकड़ों सैलानी ठहर चुके हैं। इस कारोबार ने लोगों के लिए जहां रोज़गार के नए द्वार खोले हैं, वहीं पर्यटकों के लिए ये क्षेत्र एक नया स्थल बनकर उभरा है।

**संजय अवस्थी**

विधायक संजय अवस्थी ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता नशे के मुद्दे पर राजनीति कर रहे हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा को युवाओं की चिंता नहीं है और पिछले भाजपा सरकार के 5 साल के कार्यकाल में पी.आई.टी.–एन.डी.पी.एस. एक्ट लंबित रहा। संजय अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही मात्र चार महीनों में इस एक्ट की अधिसूचना जारी की और नशा माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशा माफिया के विरूद्ध सख्ती से निपटने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित कर रही है।

**<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>**

- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– वर्ष 2026 तक हिमाचल को देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए सरकार प्रयासरत्त।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर सनातन विरोधी होने का लगाया आरोप– कहा–महाकुम्भ के लिए बसों का नहीं किया कोई इंतजाम।
- संत रविदास की जयंती पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम आयोजित– लोगों से उनकी शिक्षाओं का अनुसरण करने का आह्वान।
- प्रसिद्ध पर्यटन स्थल मनाली के हामटा व सेथन क्षेत्र में बर्फ के इग्लू बने सैलानियों के आकर्षण का केन्द्र।